बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

# आदेश

संख्या–1/स्था0 (7) 02/2022 (खंड)– 3674 /पटना–15, दिनांक– 16/07/2026

विभागीय अधिसूचना संख्या–3258–सह–पठित ज्ञापांक–3259 तथा अधिसूचना संख्या–3260–सह–पठित ज्ञापांक–3261, दिनांक–28.06.2026 के माध्यम से बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापन किया गया है। उक्त अधिसूचना के कंडिका–2 में आदेशित है कि सभी स्थानांतरित पदाधिकारी पारगमन अवधि का उपभोग किये बिना अपने नवपदस्थापित पद का प्रभार ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे। सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों का जुलाई माह का वेतन नवपदस्थापन स्थान से ही भुगतेय होगा। उक्त के बादजूद कई पशु चिकित्सा पदाधिकारी अपने नवपदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण नहीं किये हैं।

अतः आदेश दिया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या–3258–सह–पठित ज्ञापांक–3259 तथा अधिसूचना संख्या–3260–सह–पठित ज्ञापांक–3261, दिनांक–28.06.2026 से आच्छादित सभी स्थानांतरित पदाधिकारी दिनांक–20.07.2026 तक अनिवार्यतः अपना प्रभार ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे। वैसे स्थानांतरित पदाधिकारी दिनांक–20.07.2026 तक नवपदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण नहीं किये हो वह पूर्व के कार्यरत स्थान से दिनांक–21.07.2026 के पूर्वाह्न से स्वतः विरमित समझे जायेंगे।

2. उक्त अधिसूचना के कंडिका–2 में अंकित "सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि पारगमन अवधि का उपभोग किये बिना अपने नवपदस्थापित पद का प्रभार ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।" को विलोपित किया जाता है।

3. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(मुकेश कुमार 'मुकुल')
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः–1/स्था0 (7) 02/2022 (खंड)– 3674 /पटना–15, दिनांक– 16/07/2026

**प्रतिलिपिः**–अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका/निदेशक, पशुपालन, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड, पटना/संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/परियोजना निदेशक, बी0एल0डी0ए0, पटना/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना/सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार/सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार/सभी विशेष उप निदेशक, पशुपालन, बिहार/सभी अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, बिहार/सभी सहायक निदेशक, पशुपालन, बिहार/सभी परियोजना पदाधिकारी, पशुपालन, बिहार/सभी पशु शल्य चिकित्सक, बिहार/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार/सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/7/26
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांकः–1/स्था0 (7) 02/2022 (खंड)– 3674 /पटना–15, दिनांक– 16/07/2026

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 प्रबंधक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी नियंत्री पदाधिकारी, बिहार को ई–मेल के माध्यम से सूचित करने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/7/26

सरकार के उप सचिव।